C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 74 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 31 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

### गहलोत के आरोपों पर राठौड़ का पलटवार

## बोले- पेपर लीक कांग्रेस सरकार की देन, हमारी सरकार में नहीं हुई गड़बड़ी


**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा भजनलाल शर्मा सरकार पर लगाए गए आरोपों का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कड़ा जवाब दिया है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में जितने भी पेपर लीक हुए, वे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए। भजनलाल शर्मा की सरकार बनने के बाद से अब तक कोई पेपर लीक का मामला सामने नहीं आया है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आत्ममंथन करना चाहिए। एसआई भर्ती 2021 की जांच में कई आरोपी पकड़े गए, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री के अंगरक्षक तक शामिल हैं। ÷हमारी सरकार ने कार्रवाई की, आरोपियों को जेल भेजा, जबकि कांग्रेस के समय में सिर्फ युवाओं के साथ कुठाराघात हुआ।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही अपराध हुए, इसलिए उन्हें बेवजह बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

राजनीतिक नियुक्तियों और संगठन विस्तार पर राठौड़ ने स्पष्ट किया कि वायरल सूची केवल एक प्रस्तावित सूची थी। ÷हम कई नेताओं से सुझाव लेते हैं और उन्हीं सुझावों के आधार पर फाइनल लिस्ट बनेगी। बहुत जल्द नई टीम की घोषणा होगी।



पूर्व सीएम गहलोत के जातीय बोर्ड बंद करने के आरोप पर राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार किसी भी बोर्ड को बंद नहीं करने जा रही है। संवैधानिक पदों से हटाने का काम कांग्रेस सरकारों में होता रहा है, भाजपा सरकार ऐसा नहीं करती।

## पालना देव मंदिर में विधायक भड़ाना के बयान का वीडियो वायरल

### धार्मिक आयोजन में कहा– "मैं दादा नहीं, गुंडा नहीं... राजनीति करो तो अपने दम पर करो"

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पालना देव मंदिर परिसर में आयोजित भादवी छठ धार्मिक कार्यक्रम के दौरान विधायक उदयलाल भड़ाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में वे सभा को संबोधित करते हुए कहते दिखाई दे रहे हैं कि ÷मैं दादा नहीं हूँ, गुंडा नहीं हूँ, मेरे ऊपर कोई आपराधिक केस नहीं है। राजनीति करनी है तो अपने बलबूते पर करो, मुझे बदनाम मत करो।

कार्यक्रम धार्मिक माहौल का था, लेकिन मंच से दिए गए भड़ाना के इस बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय राजनीति में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

कार्यक्रम में गुलाबपुरा से पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर और राष्ट्रीय हिंदू भोज सेना अध्यक्ष गोपाल गुर्जर भी मौजूद थे। हाल ही में गोपाल गुर्जर के जन्मदिन पर आयोजित भजन संध्या को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति विवाद के चलते सोशल मीडिया पर कई



वीडियो वायरल हुए थे। माना जा रहा है कि इसी पृष्ठभूमि में भड़ाना ने यह बयान दिया।


वीडियो में भड़ाना यह भी कहते नजर आते हैं कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान हुई प्रशासनिक कार्रवाई में उनका कोई संबंध नहीं था और वे भगवान देवनारायण की कसम खाते हैं।

गौरतलब है कि, सोशल मीडिया पर विधायक भड़ाना और गोपाल गुर्जर के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बयान ने मांडल की सियासत में नई सरगर्मी पैदा कर दी है ।

## सड़क हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी घायल

### उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर देर रात हुआ एक्सीडेंट, कार में सवार तीनों अस्पताल में भर्ती





**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

उदयपुर-राजसमंद नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी घायल हो गईं। हादसे में उनके साथ कार में मौजूद निजी सहायक और ड्राइवर भी चोटिल हुए हैं। तीनों को तुरंत उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल ले जाया गया, जहां विधायक को पसलियों में फ्रैक्चर आने के कारण आईसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। हादसा शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे अंबेरी के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, नाथद्वारा की ओर जा रही गुजरात नंबर की ब्लैक कार हाईवे के कट पर टर्न ले रही थी, तभी सामने से आ रही विधायक की गाड़ी उससे टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने दूसरी कार में सवार चार युवकों को हिरासत में लिया है, जो उदयपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। विधायक के निजी सहायक जय को सिर में चोट आई है, जबकि ड्राइवर धर्मेंद्र भी घायल है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, जिला महामंत्री देवीलाल सालवी और प्रवक्ता गोविंद दीक्षित अस्पताल पहुंचे और विधायक का हालचाल जाना। इधर, प्रदेशभर से नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## चित्तौड़गढ़ में देवनारायण शोभायात्रा में बड़ा हादसा

### झंडा हाईटेंशन लाइन से टकराया, चार झुलसे, तीन रेफर




**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**


जिले के रावतभाटा में भगवान देवनारायण की शोभायात्रा के दौरान शनिवार को करंट दौड़ने से बड़ा हादसा हो गया। यात्रा में शामिल एक युवक के हाथ में झंडा था, जो अचानक ऊपर से गुजर रही 132 केवी हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट फैलते ही चार लोग उसकी चपेट में आकर झुलस गए।

दोपहर में रावतभाटा हॉस्पिटल के सामने हुए इस हादसे के बाद शोभायात्रा में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से तीन युवकों को गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया, जबकि एक का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब पालेश्वर महादेव मंदिर से निकली शोभायात्रा उपजिला अस्पताल के पास पहुँची। इस दौरान यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते गाते चल रहे थे । शोभायात्रा में शामिल झंडा थामा युवक कन्हैया लाल जैसे ही हाईटेंशन तार के करीब पहुँचा , झंडा छूते ही तेज धमाका हुआ और वह करंट की चपेट में आ गया। उसके आसपास खड़े तीन अन्य लोग भी झुलस गए।सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

## केरखेड़ा में बारिश के दौरान बिजली गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत, छह गंभीर रूप से घायल






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

तहसील क्षेत्र के केरखेड़ा गांव में शनिवार को दोपहर ढाई बजे अचानक हुई तेज बारिश मजदूरों के लिए दर्दनाक हादसा साबित हुई । पत्थर स्टॉक पर काम कर रहे मजदूर बारिश से बचने के लिए पत्थर की टापरी और पास खड़े ट्रेलर के नीचे शरण ले रहे थे। इसी दौरान पत्थर टापरी पर बिजली गिरने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में झुलसे मजदूर परसराम बंजारा ने बताया कि बारिश से बचने के दौरान उनके साढ़ू चंद्रेश बंजारा निवासी मुजराः भगवानपूरा, झालरापाटन की दर्दनाक मौत हो गई।



मृतक चंद्रेश

वहीं, घायलों में पटपड़िया निवासी शंकर पिता नाथू नायक, रमेश पिता गणेश नायक, जूनापानी झालावाड़ निवासी बबलू पिता श्याम लाल बंजारा,मनसा पिता मांगीलाल बंजारा , बबलू पुत्र किशन बंजारा और परसराम बंजारा शामिल हैं।

हादसे के बाद साथी मजदूरों ने घायलों और मृतक को संभालकर एंबुलेंस की मदद से बिजोलिया स्थित उप जिला अस्पताल तक पहुंचाया। जहाँ घायलों का इलाज जारी है और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक के तीन पुत्र हैं। मृतक और झालावाड़ के सभी घायल मजदूर लगभग पंद्रह दिन पहले ही झालावाड़ से बिजोलिया मजदूरी के लिए आए थे। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा परिजनों के आने के बाद कराया जाएगा । इस दौरान गिरदावर योगेश विजयवर्गीय, हैड कांस्टेबल लक्ष्मण , हरि सिंह , जुगराज, एवं दल्लाराम मौजूद रहे ।

## भीलवाड़ा में महिला की दर्दनाक मौत, बेटे के सामने हुआ हादसा

### ट्रेन में चढ़ते समय फिसली, शरीर कटकर दो हिस्सों में बंटा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया। चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही एक महिला पैर फिसलने से ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शरीर दो हिस्सों में बंट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

मांडल पुलिस ने बताया की स्टेशन नगर निवासी बीना देवी (46) पत्नी मदन बरमुंडा अपने बेटे के साथ उदयपुर जा रही थी। जैसे ही ट्रेन चलना शुरू हुई, बीना देवी ट्रेन पर चढ़ने लगीं लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से पटरियों पर गिर पड़ीं और ट्रेन की चपेट में आ गईं।



घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। रेलवे मास्टर ने घटना की सूचना अभय कमांड सेंटर को दी । सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और मांडल चौकी पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है ।

C M Y K

# शिक्षा का मंदिर गंदा करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई : मदन दिलावर

## प्रदेश के सभी स्कूलों में बालवाटिकाएं शुरू होंगी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को गंदा करने, अश्लील हरकतें करने और कक्षा में मोबाइल का उपयोग करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर बर्खास्त भी किया जाएगा। अब तक ऐसे तीन शिक्षकों को सेवा से हटाया जा चुका है।

शनिवार को नगर निगम टाउन हॉल में प्रिंसिपलों से संवाद कार्यक्रम में दिलावर ने कहा कि विद्यालयों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सप्ताह में एक बार श्रमदान किया जाए। पिछले 5 वर्षों से रुके हुए प्रमोशन को डेढ़ साल में 33 हजार शिक्षकों के तबादलों और पदोन्नति के जरिए पूरा किया गया है। जल्द ही प्रिंसिपलों की तबादला सूची भी जारी होगी।



दिलावर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि कई शिक्षक समय से आधा घंटा पहले ही स्कूल से निकल जाते हैं, जबकि उन्हें ग्रामीणों से संवाद और विद्यार्थियों के बीच समय देना चाहिए। कक्षा में मोबाइल ले जाने पर सख्त मनाही है, जो नियम तोड़ेगा उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी सरकारी स्कूलों में बालवाटिकाएं शुरू की जाएंगी। हर विद्यार्थी को प्रतिदिन 10 और शिक्षक को 15 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। मंत्री ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को देशप्रेम से जोड़ा और दानदाताओं को विद्यालय विकास में योगदान के लिए आगे आने की अपील की। सांसद दामोदर अग्रवाल ने सकारात्मक सोच को विकास का आधार बताया। ओएसडी सतीश गुप्ता ने कहा कि दिलावर सरकार में नवाचार मंत्री के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षाविद डॉ. शंकरलाल माली ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूक करने की बात कही।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपाल खंडेलवाल, डॉक्टर लालाराम बैरवा , उदय लाल भडाणा , अशोक कोठारी , भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते एक गिरफ्तार , 45 किलो डोडा-चूरा सहित कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद**

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 45.585 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है। इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त होण्डा सिटी कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया की 29 अगस्त को बिगोद थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान होंडा सिटी कार को रोका गया । तलाशी लेने पर कार से दो प्लास्टिक कट्टों में भरा कुल 45.585 किलो डोडा-चूरा मिला। कार चालक गौरव सिंह राठौड़ (25) निवासी मझेला रोड, किशनगढ़ (अजमेर) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## तीन साल से फरार 5 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस थाना प्रतापनगर व डीएसटी टीम ने तीन साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी और 5 हज़ार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।


प्रतापनगर थाना प्रभारी उगमाराम ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए गुल अली नगरी, थाना सुभाषनगर निवासी मोहसीन मुल्तानी 26 को गिरफ्तार कर किया । आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में प्रतापनगर थाने में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अदालत से वारंट जारी हुआ था और उस पर 5 हज़ार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

## भीलवाड़ा में बारिश के बाद बड़ा हादसा, मकान पर गिरी बिजली, एक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में शुक्रवार को हुई तेज बारिश के बाद शनिवार अलसुबह बड़ा हादसा हो गया। गायत्री नगर स्थित गोकुल विहार में बिजली गिरने से एक मकान की दीवार धमाके के साथ ढह गई।

हादसे में मकान मालिक सुरेश शर्मा घायल हो गए, जिन्हें तुरंत जिले के महात्मा गांधी अस्पताल पहुँचाया गया। हादसे के दौरान मकान में कई जगह दरारें आ गई और घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया।



स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग दहशत में बाहर निकल आए। गनीमत रही कि हादसे के समय घर के अन्य सदस्य कमरे में मौजूद नहीं थे, वरना नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

फिलहाल घायल सुरेश शर्मा का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## पैर फिसलने से बुजुर्ग महिला की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना क्षेत्र के गेंदलिया गांव में सीढ़ियों से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। दीवान ऋषिराज ने बताया कि भंवर कंवर पत्नी घीसु सिंह शुक्रवार को छत से कपड़े लेकर नीचे उतर रही थीं। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वे सीढ़ियों पर गिर पड़ीं। हादसे में गंभीर घायल होने पर परिजन घायल को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।



## बांका गांव में अज्ञात महिला ने बर्तन के बहाने तीन महिलाओं से जेवरात लूटे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

थाना क्षेत्र के बांका गांव में एक अज्ञात महिला ने पुराने बर्तन बदलने के बहाने तीन महिलाओं से सोने-चांदी के आभूषण लूटने की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। घटना 15 अगस्त की बताई जा रही है, लेकिन पीड़िताओं को देर से इसकी जानकारी होने के कारण उन्होंने भोपतपुरा स्थित चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात महिला गांव में पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देने के प्रलोभन के साथ घर-घर जा रही थी। इसी दौरान वह सुंदर के घर पानी मांगने के बहाने अंदर घुस गई और बातचीत के दौरान महिला को झांसा देकर एक जोड़ी चांदी की पायजेब, सोने के टॉप्स, पीतल की चरी सहित अन्य सामान लेकर रफूचक्कर हो गई। इसके बाद वह गायत्री के घर पहुंची और वहां से चांदी की पायजेब, मंगलसूत्र, चूड़ियां सहित कई आभूषण उड़ा ले गई। तीसरी वारदात मीरा के घर पर हुई, जहां से उसने सोने का मंगलसूत्र और चांदी का कड़ूलिया ले लिया।


बिजोलिया : लूट का शिकार हुई पीड़ित महिलाए

पीड़िताओं को जब घटना का आभास हुआ तो उन्होंने तुरंत चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। चौकी प्रभारी धनराज ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है की कुछ दिनों से गांव में एक महिला पुराने बर्तन के बदले नए बर्तन देने का काम कर रही थी और इसी बहाने उसने महिलाओं को विश्वास में लेकर उनके सोने-चांदी के जेवर ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात महिला की तलाश शुरू कर दी है और इलाके में सतर्क रहने की अपील की है।

## काछोला पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

थाना पुलिस ने ग्रामीणों और आम जनता को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। यह कार्यक्रम हॉस्पिटल, बस स्टैंड और बाईपास चौराहे जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया।

अभियान का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि किस प्रकार वे अपने व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा की सुरक्षा कर सकते हैं और ऑनलाइन सुरक्षित रह सकते हैं।

पुलिस ने बताया कि जनता तक सही जानकारी पहुंचाना और उन्हें साइबर खतरों से बचाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम में एएसआई श्रवण सिंह मीणा, हेड कांस्टेबल मोहन लाल मीणा, राजेश मीणा, सिपाही गोपेश कुमार शर्मा, नेतराम गुर्जर सहित कई ग्रामीण और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## ऐस्ट्रोलॉजर विश्वनाथ को ज्योतिष भास्कर व ज्योतिष रत्न सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आनंद ज्योतिष कार्यालय के ज्योतिषाचार्य पंडित विश्वनाथ शर्मा को काशी हिंदू विश्वविद्यालय बीएचयू में आयोजित काशी ज्योतिष महोत्सव में ज्योतिष भास्कर और ज्योतिष रत्न सम्मान से नवाज़ा गया।

सम्मान प्राप्त करने पर पंडित विश्वनाथ शर्मा को बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इस उपलब्धि पर शहरवासियों और परिजनों में खुशी की लहर है। पंडित शर्मा ने इस सम्मान को अपने स्व. पिताजी परमानंद शर्मा का आशीर्वाद बताया।





## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में सुविचार अभियान संगोष्ठी का शुभारंभ, भैयाजी जोशी ने गांव की परंपराओं पर दिया जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पेशवानी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश चंद्र भैयाजी जोशी ने कहा कि गांव भारत की आत्मा हैं और परंपराओं से ही देश का भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने आधुनिक औद्योगीकरण के प्रभावों और पर्यावरण संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए विज्ञान और प्रकृति के संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। संगोष्ठी का उद्घाटन आरसीएम वर्ल्ड, भीलवाड़ा में तुलसी के पौधे में जलार्पण कर किया गया। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने पर्यावरण संरक्षण, चारागाह विकास और जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली, भीलवाड़ा कलेक्टर जसमीत सिंह सिंधु, आरसीएम डायरेक्टर तिलोकचंद छाबड़ा सहित कई संघ कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संगोष्ठी दो दिन तक चलेगी और इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की बैठक में मांडल में भवन खरीदने का निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पेशवानी ।** समाज सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने वाले श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की शनिवार को अशोकनगर स्थित संस्कृति मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्ष हीरालाल टेलर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और संस्कार संबंधी कार्यों की समीक्षा की और भविष्य की दिशा तय की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मांडल में प्रन्यास का स्थायी भवन खरीदा जाएगा, ताकि वहां के कार्यकर्ताओं को केंद्र मिल सके और गतिविधियों का विस्तार हो। इसके लिए चांदमल सोमानी, सत्यनारायण जाट और श्रवण कालबेलिया की अध्यक्षता में भवन खरीद समिति गठित की गई। सदस्यों ने योग, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण और छात्रावास मित्र योजना जैसी गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्ष हीरालाल टेलर ने कहा कि मांडल भवन सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा और संगठन समाज के हर वर्ग तक अपने प्रयास पहुँचाएगा। बैठक में अनेक सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने संगठन के सामाजिक उद्देश्यों को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधायक मीणा ने किया कोटड़ी क्षेत्र का दौरा खेल मैदान के लिए 45 लाख की दी सौगात

## पुलिया निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी , लगाई फटकार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेंद्र बबलू पोखरना**



जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने शनिवार को कोटड़ी क्षेत्र का दौरा कर जलझूलनी महोत्सव की तैयारियों व क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान विधायक मीणा कोटड़ी-भीलवाड़ा मार्ग पर पहुंचे, जहां कोदिया के पास पुलिया निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा था। इस पर उन्होंने कार्यकारी एजेंसी के कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि पुलिया कार्य शीघ्र पूरा होना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि जलझूलनी महोत्सव के समय यह मार्ग अत्यधिक महत्वपूर्ण रहेगा, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को सड़क के दोनों ओर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए ताकि पैदल यात्रियों और वाहनों को सुगमता से आवागमन मिल सके।

इसके बाद विधायक मीणा चारभुजा धर्माउ तालाब के पास स्थित खेल मैदान पहुंचे। कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा की मांग पर उन्होंने मैदान को आदर्श स्वरूप देने की घोषणा की।

मैदान के सौंदर्यकरण और आवश्यक विकास कार्यों के लिए 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी। साथ ही उन्होंने बस स्टैंड पर मेले से पूर्व हाईमास्ट लाइट लगाने तथा अंबेडकर भवन में नल कनेक्शन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

दौरे के दौरान विधायक मीणा ने श्रीचारभुजा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और भगवान श्रीचारभुजानाथ के चरणों में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि चारभुजा मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

विधायक मीणा के इस दौरे में श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा, प्रधान करण सिंह बेलवा, पंचायत समिति सदस्य राजू तेली, सुरेश पाराशर, शिवराज जाट, रमेश चंद्र शर्मा, श्यामलाल गुर्जर, गोपाल सुवालका, जितेंद्र कुमार सेठी, ओमप्रकाश माली, देवेन्द्र सिंह, देवराज जाट, देवीलाल डगेर, नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के सामने क्षेत्र की समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया।

# खबर का असर : पुलियाओं पर आवागमन बंद, प्रशासन ने बढ़ाई सख्ती

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

काछोला क्षेत्र में लगातार बारिश से नदी-नालों में तेज़ बहाव के बीच लोग जान जोखिम में डालकर पुलिया पार कर रहे थे। जिसकी शनिवार को भीलवाड़ा फोकस द्वारा खबर प्रकाशित करने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया । समाचार छपते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बनास नदी की सभी पुलियाओं पर आवागमन रोक दिया और पुलिस बल तैनात कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जल स्तर सामान्य होने तक किसी को भी पुलिया पार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे पुलिया पार करने का प्रयास न करें, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



काछोला : पुलिया के रास्ते जेसीबी की मदद से किए बंद



काछोलाः पुलिया पर पानी के बाद भी नदी पार करता बाइक सवार

# प्रदेश की सरकार चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर : विधायक खंडेलवाल

## पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाओं का लोकार्पण






भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

प्रदेश की भजनलाल सरकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास के नए आयाम स्थापित कर प्रदेश को उन्नति की ओर ले जाने के लिए दृढ़संकल्पित है। विधानसभा क्षेत्र में जरूरतों और मांगों के अनुसार राज्य सरकार ने विकास कार्यों के लिए बजट के द्वार खोल दिए हैं। अस्पतालों, सड़कों और विद्यालयों के निर्माण पर करोड़ों रुपये स्वीकृत कर विकास की गंगा बहाई जा रही है। शनिवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मांडलगढ़ मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय में हर प्रकार के विकास कार्यों में भरपूर सहयोग दिया जाएगा। विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. पवन शर्मा ने विधायक एवं अतिथियों का राजस्थानी पगड़ी, मालाओं और दुपट्टों से स्वागत-सम्मान किया और विद्यालय में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग रखी। समारोह में संरक्षक नेता शिवकुमार त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सनाढय, अर्जुन ब्रम्हभट्ट, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, जिला सदस्य गोवर्धन वैष्णव, युवा भाजपा अध्यक्ष मुकेश व्यास, पूर्व नगर अध्यक्ष मुरली गटयानी, पार्षद नीलकमल पटवा, लादुलाल खटीक, बूथ अध्यक्ष मन्नू आंचलिया सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद दिनेश सिंह शक्तावत ने किया

# काछोला में आज ब्रह्मभोज, दोपहर 12 बजे तक बाजार रहेंगे बंद

## रात्रि में हुआ जागरण, सुबह शोभायात्रा के साथ होगा धार्मिक अनुष्ठान

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



कस्बे में रविवार को आयोजित होने वाले ब्रह्मभोज कार्यक्रम को लेकर शनिवार रात को भजन संध्या एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया गया । जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया । कार्यक्रम के चलते कस्बे के बाजार दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगे।

रविवार सुबह अष्टमी के अवसर पर चामुंडा माता मंदिर चौक से शोभायात्रा रवाना होकर पहाड़ी स्थित बावन माता मंदिर पहुंचेगी। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना, अनुष्ठान एवं भोग लगाया जाएगा। ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में सहयोग के लिए राजेंद्र सिंह गुड्डू बन्ना, हेमेन्द्र सिंह, कैलाश धाकड़, नारायण माली, पप्पू धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## कोटड़ी श्याम के दरबार में जलझूलन महोत्सव

# भक्तों ने कांवड़ यात्रा का किया स्वागत, 25 किमी की दूरी 21 घंटे में तय

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**





मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम भगवान श्रीचारभुजानाथ दरबार में चल रहे जलझूलन महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार को कोटड़ी श्याम का जलाभिषेक किया गया। इसके लिए त्रिवेणी संगम से 108 कांवड़ों में जल भरकर कांवड़िए नंगे पैर भजनों पर नाचते-गाते यात्रा के रूप में रवाना हुए। यात्रा का जहां-जहां से भी गुज़रना हुआ, श्रद्धालुओं ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत किया। किशनगढ़ में रात्रि विश्राम के बाद कांवड़ यात्रा सुबह रवाना होकर गोगास, गोराकाखेड़ा, देवरिया, पुरोहितजी का खेड़ा होते हुए कोटड़ी पहुंची। कस्बे में प्रवेश करते ही यात्रा का पुष्पवर्षा, बैंड-बाजों और डीजे की धुनों के बीच स्वागत हुआ। विभिन्न मंदिरों–बालाजी, चावंडा माताजी, देवनारायण, उत्तरमुखी हनुमानजी, जैन मंदिरों, राम मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर आदि पर भगवान चारभुजानाथ के साथ सामूहिक आरती हुई और जलझूलन एकादशी के लिए भगवानों को न्योता दिया गया।

मंदिर में पहुंचने पर कांवड़ियों का शुद्धता के साथ स्वागत किया गया। परात में उनके चरण धोए गए और इसके बाद सामूहिक आरती हुई। कांवड़ का जल पात्र में संग्रहित किया गया, जिससे जलझूलन एकादशी पर भगवान का दुग्धाभिषेक होगा।

### आज छप्पन भोग और सांस्कृतिक कार्यक्रम

महोत्सव के तहत रविवार को राधा अष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और हवन होगा। दोपहर 12.15 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती की जाएगी। इसके बाद भक्तों के दर्शनार्थ झांकी सजाई जाएगी। दिनभर भजन संध्या और विशाल छप्पन भोग का आयोजन रहेगा। वहीं रात 8 बजे से स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### सोनी समाज ने निखारे भगवान के आभूषण

महोत्सव में सोनी समाज ने विशेष सेवा की। बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजनों ने चांदी के बेवाण और अन्य आभूषणों की धुलाई कर उन्हें नया स्वरूप प्रदान किया। यह कार्य श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

# बिजोलिया में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, 1782 छात्रों ने भाग लिया

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



भारत विकास केंद्रीय परिषद और निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के निर्देशानुसार भारत विकास परिषद, की स्थानीय शाखा ने क्षेत्र के 10 राजकीय एवं निजी विद्यालयों में ÷भारत को जानो÷ प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के इतिहास, संस्कृति और सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, आदर्श विद्या मंदिर, आचार्य विद्यासागर सी. पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाल विद्या मंदिर, सरस्वती पब्लिक स्कूल, विंध्यावली पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, नवदीप पब्लिक स्कूल और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमा जी का खेड़ा में किया गया। परिषद अध्यक्ष डॉ. नाना लाल धाकड़ और संस्कार प्रभारी दिनेश वैष्णव के मार्गदर्शन में प्रत्येक विद्यालय के लिए 10 पर्यवेक्षकों की टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम की निगरानी सचिव वेदप्रकाश तिवाड़ी, संयोजक मुकेश धनोपिया, कोषाध्यक्ष नवीन धनोपिया सहित ओम मेड़तिया, मनोज गोधा, दिलीप सिंह, किशन त्रिपाठी, अरुण गुरुजी, निलेश नलवाया, विनोद पटवा और गोपाल पाराशर ने की। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 और वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 1782 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी और प्रतियोगिता के माध्यम से देश के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाकर हर्ष व्यक्त किया।

# देश के प्रति ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कदम है भारत को जानो प्रतियोगिता : सीए संदीप बाल्दी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारत विकास परिषद के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र द्वारा आयोजित भारत को जानो विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में इस बार 2 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्कार निर्माण और राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के उद्देश्य से हुई इस परीक्षा में छात्रों ने ओएमआर शीट पर भारत के इतिहास, संस्कृति और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए।


आयोजन को सफल बनाने में परिषद की शाखाओं ने विशेष तैयारी की। परिषद पदाधिकारियों राधेश्याम सोमानी, आनंद सिंह राठौड़, गोविंद प्रसाद सोडाणी और सीए संदीप बाल्दी का विशेष योगदान रहा। बाल्दी ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने का मंच है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

रीजनल संपर्क प्रमुख गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि प्रारंभिक आंकड़े और भी बढ़ सकते हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भीलवाड़ा में खासा उत्साह देखने को मिला।

## QUICK BITES

### मेहरूखुर्द में बिसुंदनी-मेहरूकला रोड पर जलभराव, ग्रामीण परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



मेहरूखुर्द गांव में बिसुंदनी-मेहरूकला सड़क पर लंबे समय से जलभराव बना हुआ है। पानी और कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित है और मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत पर नाराजगी जताई है और पानी की निकासी व मच्छर नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### मनोकामना पूर्ण होने पर पूजा ने की दंडवत यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में मोचडिया के मंड देवनारायण मंदिर पर मनोकामना पूर्ण होने पर एक एक महिला भक्त द्वारा दंडवत यात्रा कर देवनारायण भगवान को माथा टेका । कंवलियास निवासी कैलाश जंगलिया की पत्नी पूजा देवी की मनोकामना पूर्ण होने पर देवनारायण के यहां दंडवत यात्रा की, जिसमें पूजा अपने गांव से देवनारायण भगवान के नेशनल हाईवे स्थित मुख्य दरवाजे तक पहुंची, इसके बाद मुख्य गेट से डेढ़ किलोमीटर की दंडवत यात्रा करते हुए मंदिर में पहुंची, जहां नारायण भगवान को माथा टेकर भगवान से आशीर्वाद लिया ।।

### देवनारायण भगवान की गाथा और छप्पन भोग का हुआ आयोजन , विधायक मीणा ने की शिरकत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** बड़ला गांव स्थित बोर का मंड देवनारायण मंदिर पर भादवी छट के अवसर पर देर रात बगड़ावत गाथा व भजन संध्या का आयोजन हुआ। गायक नारायण प्रजापत व अशोक प्रजापत ने भगवान देवनारायण की जीवन गाथा का बखान किया, वहीं डांसर प्रेम व सुरेश ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा मुख्य अतिथि रहे, जिनका ग्रामीणों ने बुल्डोजर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने मंदिर प्रांगण में सराय निर्माण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद सेन, शिवराज जाट, किशनलाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सातवीं बंधेज पर निकली देव झांकी एवं शोभायात्रा , जयकारों से गूंजा गांव

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



तहसील क्षेत्र के गेणोली गांव में सातवीं बंधेज के उपलक्ष में देव झांकी एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंची। इस दौरान महिलाएं और पुरुष डीजे की धुन पर भजनों पर झूमते हुए, देवनारायण भगवान की जय के जयकारे लगाते चल रहे थे। मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्री चारभुजा नाथ एवं भगवान देवनारायण की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।